**नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्यूबरक्यूलोसिस एण्ड रेस्पिरेटरी डिसिजिज**
***(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान)***
***श्री अरबिंदो, मार्ग, निकट कुतुब मीनार, नई दिल्ली– 110 030.***

# ***निदेशक का पद***

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्यूबरक्यूलोसिस एण्ड रेस्पीरेट्री डिसिजिज, श्री ऑरोबिंदो मार्ग, नई दिल्ली में निदेशक के पद को वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर 15 एनपीए एवं सामान्य भत्तों में, सीधी भर्ती द्वारा, ऐसा न होने पर सीधी भर्ती की योग्यता को पूरा करने के लिए उपयुक्त अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति द्वारा भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं (ब्यौरा वेबसाईट www.nitrd.nic.in & www.mohfw.nic.in पर है।

**1. पात्रता**

i) भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की तीसरी अनुसूची के भाग-II अथवा प्रथम या द्वितीय अनुसूची में शामिल चिकित्सा अर्हता (तीसरी अनुसूची के भाग-II में शामिल योग्यता रखने वाले व्यक्ति को इस अधिनियम के खण्ड 13 के उप-खण्ड (3) में विनिर्दिष्ट शर्तों को पूरा करना होगा) ।

ii) टीबी और श्वसन संबंधी रोग/टीबी और वक्ष संबंधी रोग/ संबंद्ध विशेषताएं (जिसमें (क) क्लिनिकल पैथोलॉजी (ख) मेडिसीन (ग) माइक्रोबायोलॉजी (घ) कोर्डियो थोरासिक सर्जरी (ड.) प्लमनरी मेडिसीन (च) उपशामक एवं सामाजिक मेडिसीन (छ) पीडियाट्रिक्स (ज) एनेस्थीसिया (झ) जैव-रसायन (ञ) रेडियोलॉजी (ट) अस्पताल प्रशासन शामिल होंगे) में मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर अर्हता।

iii) पीजी डिप्लोमा/डिग्री के बाद न्यूनतम18/16 वर्ष का अनुसंधान, शिक्षण और क्लिनिकल अनुभव।

iv) किसी महत्वपूर्ण शिक्षण/ प्रशिक्षण/अनुसंधान संस्थान के संचालन का कम-से-कम 5 वर्ष का अनुभव चाहे पीबी-4 के एसएजी वेतनमान रु. 37400-67000/- +ग्रेड वेतन रु. 10,000/- (7 वे सीपीसी के अनुसार वेतन स्तर 14 में संशोधित) में इसके प्रमुख अथवा विभाग के प्रमुख के रूप में अथवा प्रोफेसर अथवा इनके समान पद पर 10 वर्ष का कार्य अनुभव।

v) केंद्रीय/राज्य चिकित्सा परिषद में पंजीकृत होना चाहिए।

**2. आयु**

i) सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को अधिकतम 58 वर्ष

ii) अधिवर्षिता की आयु: 62 वर्ष

**सामान्य शर्तें:**

i) केंद्र सरकार/राज्य सरकार के विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्द्ध-सरकारी/सांविधिक या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत उम्मीदवार उचित माध्यम से विहित प्रपत्र में आवेदन करें।

ii) उम्मीदवार आवश्यकता पड़ने पर अपने आवेदन में दिए गए विवरण प्रस्तुत करेगा।

iii) केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करें।

iv) यथोपरि निर्धारित आवश्यक अर्हताएं केवल न्यूनतम हैं और इनके होने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु बुलावे का पात्र नहीं होगा।

v) विहित प्रपत्र, जिसे www.nitrd.nic.in & www.mohfw.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है, में पूर्णत: भरे हुए आवेदन पत्र को निदेशक, राष्ट्रीय क्षयरोग और श्वसन रोग संस्थान, श्री अरविंद मार्ग, निकट कुतुब मीनार, नई दिल्ली-110030 के पास 20.11.2019 के शाम 3.30 बजे तक भेजें।

vi) उम्मीदवार संस्थान के ई-मेल पते अर्थात sa-nitrd@nic.in पर ई-मेल के माध्यम से विहित प्रपत्र में अपना बायो-डाटा भी भेजे ताकि आवेदन भेजने में हुए डाक-विलंब से बचा जा सके।

vii) अधूरे आवेदनों और अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। जिस लिफाफे में अपना आवेदन भेजें उस पर ' एनआईटीआरडी में निदेशक के पद हेतु' अवश्य लिखें।

**निदेशक**

**आवेदन प्रपत्र**

**आवेदन पत्र को सादे फोटोकॉपी पेपर (ए-4 आकार) (स्वच्छ रूप से टाइप करके) पर दो प्रतियों में भेजा जाना चाहिए:**

पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं और हस्ताक्षर करें

1. आवेदित पद
2. पूरा नाम (साफ अक्षरों में)
3. जन्म तिथि
4. राष्ट्रीयता
5. पिता का नाम/पति का नाम
6. पत्राचार पता (साफ अक्षरों में) और टेलीफोन/मोबाइल नं0, यदि हो तो
7. ई-मेल पता, यदि हो तो
8. क्या एसटी/एससी/अन्य से संबंधित है
9. शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यता (उत्तीर्ण परीक्षा, विश्वविद्यालय/बोर्ड, उत्तीर्ण होने का वर्ष, श्रेणी/विभाग, लिए गए विषयों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें)
10. वर्तमान पद से शुरू करके क्रमानुसार वर्तमान/पिछले रोजगारों का विवरण (जिसमें पूरा पता के साथ नियोक्ता का नाम, धारित पद, आहरित वेतनमान, सेवा की अवधि, कार्य की प्रकृति आदि शामिल हो)
11. प्रकाशित लेख/पत्र/पुस्तकें
12. यदि चयन हो गया तो पद ग्रहण करने के लिए अपेक्षित न्यूनतम समय
13. कोई अन्य जानकारी जिसे आप संदर्भों, आदि सहित जोड़ना चाहते हों।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

तिथि :

स्थान :

**निदेशक के पद के लिए भर्ती नियम**
**राष्ट्रीय तपेदिक और श्वसन रोग संस्थान**
**श्री अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली-110030**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | : निदेशक |
| 2. | पद संख्या | : एक |
| 3. | वर्गीकरण | : समूह 'क' |
| 4. | वेतनमान | : एचएजी वेतनमान रु. 67,000/- से 79,000/-<br>(वार्षिक वेतन वृद्धि @ 3% )<br>7वें सीपीसी के अनुसार संशोधित वेतन स्तर 15 |
| 5. | चयन या अचयन पद | : लागू नहीं |
| 6. | सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के लिए आयु सीमा | : 58 वर्ष से अधिक नहीं |
| 7. | सधी भर्ती हेतु निर्धारित शैक्षिक एवं अन्य अर्हता | **अनिवार्य:**<br>(i) भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1956 के प्रथम और द्वितीय अनुसूची अथवा तीसरी अनुसूची के भाग दो में शामिल आयुर्विज्ञान अर्हता (तीसरी अनुसूची के भाग दो में शामिल अर्हता रखने वाले व्यक्ति अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (3) में विनिर्दिष्ट शर्ते भी पूरी करते हों।)<br>(ii) तपेदिक और श्वसन रोग/तपेदिक और वक्ष रोग/संबद्ध विशेषज्ञता की मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर अर्हता (जिसमें (क) क्लीनिकल पैथोलोजी, (ख) मेडिसिन, (ग) माइक्रोबॉयलोजी, (घ) कार्डियो थोरेसिस सर्जरी, (ङ) पल्मोनरी मेडिसिन (च) निवारक और सामाजिक मेडिसिन, (छ) पेडियाट्रिक, (ज) एनेस्थिसिया, (झ) बायोकेमेस्ट्री (ञ) रेडियालोजी (ट) अस्पताल प्रशासन शामिल हैं)<br>(iii) स्नातकोत्तर डिप्लोमा /डिग्री के पश्चात अनुसंधान, शिक्षण और क्लीनिकल का कम से कम 18/16 वर्ष का अनुभव।<br>(iv) महत्वपूर्ण शिक्षण/प्रशिक्षण/अनुसंधान संस्थान चलाने का इसके अध्यक्ष अथवा विभागाध्यक्ष के रूप में एसएजी वेतनमान पीबी-4 रु. 37400-67,000/-, ग्रेड वेतन 10,000 में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव |

| | | |
|---|---|---|
| | | अथवा प्रोफेसर अथवा इसके सदृश 10 वर्ष का अनुभव।<br>(v) केंद्रीय/राज्य आयुर्विज्ञान परिषद के साथ पंजीकृत हो। |
| 8. | क्या सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्ति के लिए निर्धारित शैक्षिक अर्हता पदोन्नति के मामले में भी लागू होगी | : लागू नहीं |
| 9. | परिवीक्षा अवधि | : एक वर्ष |
| 10. | भर्ती की पद्धति, सीधी होगी या पदोन्नति द्वारा या स्थानातंरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत | : सीधी भर्ती द्वारा जिसके न होने पर उपर्युक्त अर्हताएं पूरी करने वाले उपर्युक्त अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति द्वारा |
| 11. | सेवा निवृत्ति की आयु | : 62 वर्ष |